था नाबालिग से ज्यादती

पुलिस ने एक होटल से गिरफ्तार कर जेल भेजा

भास्कर न्यूज | उज्जैन

आबकारी उपनिरीक्षक पंकज जैन निवासी आदित्यनगर को पुलिस ने यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किया है। घर पर झाड़ू-पोछा करने आने वाली महिला की 17 साल की बेटी का उप निरीक्षक एक साल से शारीरिक शोषण कर रहा था। नाबालिग का वीडियो भी बना लिया था। उसे धमकी देता था कि अगर बात नहीं मानी तो मां-बेटी को पत्नी के गहने चोरी के झूठे केस में फंसवाकर जेल में चक्की पिसवाएगा। पीड़िता उसकी ज्यादती से बहुत परेशान हो गई तो सोमवार को आईजी राकेश गुप्ता से मदद मांगी, जिसके बाद मंगलवार को पुलिस ने इंदौर रोड के मधुबन होटल के कमरे से उपनिरीक्षक को पकड़ा।

पंकज जैन 41 साल खुद दो बेटियों का पिता है और मूलतः मंदसौर का निवासी है। वह पिछले चार साल से उज्जैन में रह रहा है। मंगलवार को वह नाबालिग को इंदौर रोड स्थित परिचित की मधुबन होटल में लेकर गया था। यहां पीड़िता की सूचना के बाद नीलगंगा पुलिस पहुंच गई और उपनिरीक्षक समेत होटल के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

भिंड| लहार के सहायक आपूर्ति अधिकारी वीरेंद्र शर्मा ने 17 दिन पहले एक गल्ला व्यापारी का 400 बोरी चावल शासकीय बताकर पकड़ा था। तब कहा था कि जांच के बाद वापस कर देंगे। बाद में न तो कोई कार्रवाई की गई और न ही माल लौटाया गया। पकड़े गए माल की कीमत करीब चार लाख 44 हजार रुपए है। इस बीच व्यापारी लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर रहा था कि यदि वह सही है तो उसे उसका माल लौटाया जाए। इसी दौरान सहायक आपूर्ति अधिकारी शर्मा ने एक रात व्यापारी को फोन लगाया। पत्नी ने फोन उठाया तो अधिकारी ने उससे अमर्यादित ढंग से लेनदेन की बातचीत की।

नागिन, 23 मरीजों की सांसें अटकी रही

भास्कर न्यूज | शुजालपुर

आइसोलेशन कोविड-19 सेंटर में रह रहे 23 लोगों की सांस मंगलवार को उस समय अटकी रह गई जब 4 फीट की नागिन परिसर में घूमते दिखी। नर्सिंग स्टाफ ने नपा अमले को सूचना दी। इस पर नपाकर्मी प्रहलाद मालवीय व सांप पकड़ने में माहिर सिताबी खान ने पीपीई किट पहन नागिन को पकड़ा। अकोदिया नाका स्थित शासकीय छात्रावास में बनाए गए 70 बेड के कोविड-19 सेंटर में पुरुष तथा सामने बने भवन में महिलाओं को भर्ती कर रखा है। मंगलवार दोपहर का खाना होने के बाद महिला वार्ड में भर्ती करीब 11 महिलाएं बातें कर रही थी, तभी 4 फीट लंबी नागिन फन फैलाकर आंगन में खड़ी हो गई। सूचना मिलने पर नपा कर्मचारी प्रहलाद मालवीय सांप पकड़ने में माहिर सिताबी खान के साथ परिसर पहुंचे। पीपीई किट पहन दो डंडे लेकर सिताबी खान संक्रमित मरीजों के वार्ड में दाखिल हुए और उन्होंने 3 मिनट में नागिन को पकड़कर दूर जंगल में ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया।



शुजालपुर| पुरुष वार्ड में अटकी रही परिजनों की सांसें।

कोरोना मिटाने के लिए श्रावण माह में गेंदेश्वर का नया अवतार



इंदौर | कोरोना संक्रमण के चलते धर्मस्थल अभी भक्तों के लिए खुले नहीं हैं। श्रावण मास में शिव मंदिरों में पूजन और श्रृंगार लगातार जारी है। सावन में प्रतिदिन शहर के सभी मंदिरों में महादेव का अलग-अलग श्रृंगार किया जा रहा हैं। कोरोना प्रकोप के चलते गेंदेश्वर महादेव को कोरोना का संहार करते हुए दिखाया गया। मंदिर में 'गेंदेश्वर महाकाल जल्दी करो कोरोना का अंतकाल' लिखी तख्ती भी दिखाई गई।

मोवाड़ गांव में अवैध रूप से हो रही थी गांजे की खेती, एक गिरफ्तार

आमला| बैतूल जिले के मोवाड़ गांव में खेत में अवैध रूप गांजे की खेती की जा रही थी। पुलिस ने खेत में लगे 38 गांजे के पौधे जब्त किए हैं। एसडीओपी नम्रता सोंधिया ने बताया कि कली बाई के खेत में दो आरोपियों द्वारा गांजे की खेती की जा रही थी। आरोपी मियाल सिंह (45) निवासी बांसपुर चौकी को पकड़ लिया। उसने फरार आरोपी का नाम मेघराज नरवरे निवासी मोवाड़ बताया। 38 नग गांजे के हरे पौधे, बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार जब्त पौधे से 8 किलो 610 ग्राम गांजा जब्त हुआ है, जिसकी बाजार कीमत करीब 32 हजार रुपए है।

बरघाट नाला पार कर रहे थे 5 युवक, एक की बहकर मौत

कसडोल| पिछले एक सप्ताह से कसडोल नगर एवं क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश के कारण बरघाट नाले में आई बाढ़ के तेज बहाव को पार करते समय एक साथ 5 युवक बह गए जिसमें से एक की पानी में डूबने से मौत हो गई। तीन लोग तैरकर बाहर आ गए तथा एक को प्रशासन ने रेस्क्यू कर निकाला, जो जान बचाने पेड़ पर चढ़ गया था। नाले में 4 फीट पानी था जिसे युवक बाइक लेकर पार कर हे थे। बताया जाता है कि मृतक संतोषी नगर, टिकरापारा रायपुर का निवासी है तथा उसकी पत्नी नेहा धाकड़े कसडोल में राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर पदस्थ है, बाकी 4 कसडोल निवासी ही हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को शाम के समय क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी, जिसके कारण बरघाट नाला में अचानक बाढ़ आ गई। कसडोल निवासी राजकमल दुबे एवं उनके 4 साथी रविवार होने के कारण पर्यटन स्थलों सिद्धखोल जलप्रपात, बलार जलाशय तक घूमने गए थे। वापस लौटते समय झमाझम बारिश हो रही थी और रात भी हो गई थी। वे कसडोल वापस लौट रहे थे तभी असनींद बैरियर के पास बरघाट नाले में अचानक बाढ़ आ जाने से इस मार्ग से आने जाने वाले लोग नाले के दोनों ओर बाढ़ कम होने का इंतजार करते बैठे थे।

भास्कर खास • दशहरा मैदान और विश्राम बाग का विकास अब निगम को अपने पैसों से करना होगा

पैसों की कमी आई तो निगम दूसरे प्रोजेक्ट में लगा रहा था स्मार्ट सिटी का फंड, सरकार का आदेश- ऐसा नहीं चलेगा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इंदौर सहित प्रदेशभर के नगरीय निकाय अब स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में मिले फंड की राशि दूसरे प्रोजेक्ट में खर्च नहीं कर पाएंगे। उन्हें यह भी बताना होगा कि जो राशि इस फंड से खर्च कर रहे हैं, वह किस तरह शहर और वहां के रहवासियों का जीवन स्मार्ट बना सकती है। अभी इस फंड के तहत जो प्रोजेक्ट लिए हैं, उनकी भी दोबारा समीक्षा उन निकायों को और स्मार्ट सिटी कंपनी बोर्ड को करना होगी। यह निर्देश इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित अन्य निकायों के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा के बाद मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस ने दिए।

1000 करोड़ रुपए में से इंदौर को 600 करोड़ मिले

32 में से 20 सड़कें तो राजबाड़ा क्षेत्र में ही बनना बाकी

क्षेत्र क्रमांक 4 के दो प्रोजेक्ट पर होगा असर

इंदौर में भी कई प्रोजेक्ट निगम में पैसे की कमी के चलते स्मार्ट सिटी फंड से हो रहे थे। अब यह भी रुक जाएंगे। इनमें क्षेत्र क्रमांक 4 के दो प्रोजेक्ट भी शामिल हैं, जो अब निगम को अपनी मद से करना होंगे। इनमें दशहरा मैदान और विश्राम बाग का विकास शामिल है।

रैंकिंग में आगे लेकिन स्मार्ट सिटी एरिया के कई काम अब भी बाकी

- इंदौर भले ही देशभर में स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में टॉप-5 में है, लेकिन एबीडी एरिया के कई विकास कार्य अभी होना बाकी हैं। इनमें राजबाड़ा और आसपास की 32 में से 12 सड़कों पर ही काम हुआ है। 20 से ज्यादा बाकी हैं।
- इस एरिया में अंडर ग्राउंड पानी की लाइन, बिजली की लाइन, सीवरेज, स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम 20 प्रतिशत भी नहीं हुआ है। स्कॉडा सिस्टम के तहत 24 घंटे पानी देना भी इस प्रोजेक्ट में शामिल है, लेकिन यह काम भी अभी नहीं हुआ है।

अब तक 600 करोड़ इंदौर खर्च कर चुका, फोकस स्मार्ट सिटी पर

इंदौर को अब तक हजार करोड़ में से 600 करोड़ मिले हैं। यह खर्च भी हो चुके हैं। इंदौर के अलावा भोपाल ही है, जहां जो राशि आई, खर्च हुई है। ग्वालियर के 300 करोड़ बैंक में हैं। हालांकि इंदौर में भी स्मार्ट सिटी फंड का पैसा स्वच्छ भारत मिशन में ज्यादा खर्च हुआ है। इसमें ऑटोमैटिक कचरा ट्रांसफर स्टेशन, वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग जैसे काम भी शामिल हैं।

भिलाईः छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास, बहन से मारपीट, मुकदमा दर्ज

भिलाई | जामुल थाना क्षेत्र के लिस्टेड बदमाश ने रविवार की रात जमकर उत्पाद मचाया। वह अपने साथी के साथ जबरन दरवाजे पर धक्का मारकर नाबालिग लड़की के घर में घुस गया। हथियार दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। नाबालिग छात्रा के शोर मचाने पर उसकी बड़ी बहन और मां आ गई। विरोध करने पर आरोपी और उसके साथी ने नाबालिग छात्रा और उसकी बड़ी बहन से जमकर मारपीट की। पुलिस ने रविवार रात घासीदास नगर निवासी 12 वर्षीय नाबालिग छात्रा की शिकायत पर इलाके के लिस्टेड बदमाश तलवार उर्फ अब्दुल वाहिद को गिरफ्तार किया है। पुलिस को छात्रा ने बताया कि घटना रात करीब 8 बजे की है।

SUNCITY
AVENUE 76

HARYANA RERA REGISTRATION NO.: 78 OF 2019
(AN AFFORDABLE HOUSING PROJECT
WITH INTEREST SUBSIDY UPTO
RS. 2.67 LAKHS UNDER PMAY)
SECTOR-76, (NEAR HALDIRAM NH-8), GURUGRAM (HRY.)

अधिसूचना सं. पीएफ - 27 /48921 दिनांक 19.08.2013 के माध्यम से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित नियम व शर्तों के अनुसार विकसित करने हेतु प्रस्तावित अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट में अपार्टमेंट बुक करने, के लिए जन सामान्य से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। (विवरण विभाग की वेबसाइट, अर्थात tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध) परियोजना विवरण:

1. कॉलोनाइजर/डेवलपर्स: सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
2/ प्रोजेक्ट स्वीकृतियां: लाइसेंस संख्या 34 वर्ष 2018 दिनांक 31.05.2018, बिल्डिंग प्लान स्वीकृति मेमो संख्या ZP-1255/JD (RD)/2019/20894 दिनांक 30.08.2019, हरियाणा रेरा पंजीकरण संख्या-78 वर्ष 2019
3. स्थान: सेक्टर 76, गुरुग्राम, हरियाणा
4. प्रावधान परियोजना क्षेत्र: 10 एकड़ में फैली हाउसिंग स्कीम में 1464 नंबर अपार्टमेंट में से 716 नंबर अपार्टमेंट उपलब्ध हैं। पॉलिसी अनुसार, कुल 5 प्रतिशत कुल संख्या अपार्टमेंट केवल प्रबंधन कोटे (पहले से आवंटित है) एवं 95 प्रतिशित कुल संख्या अपार्टमेंट जनता के लिए हैं।
सामुदायिक सुविधाएं: 2000 वर्ग फुट का एक सामुदायिक हॉल और 2000 वर्ग फुट का एक आंगनवाड़ी-सह-क्रेच
5. फ्लैट के विवरण, आबंटन दरें और भुगतान शर्तें:

CATEGORY 2BHK	NO.OF UNIT	CARPET AREA SQ. MTR / SQ. FT.	BALCONY AREA SQ.MTR / SQ. FT.	ALLOTMENT RATE OF APARTMENT(INR)	BOOKING AMOUNT 5% APROX(INR)
TYPE-1	303	59.00 / 635.08	9.29 / 100.00	2,590,320	1,19,000
TYPE-2	319	54.10 / 582.33	9.29 / 100.00	2,379,320	1,19,000
TYPE-3	47	57.10 / 621.62	9.29 / 100.00	2,536,480	1,19,000
TYPE-4	43	58.20 / 626.46	9.29 / 100.00	2,555,840	1,19,000
TYPE-5	4	56.85 / 611.93	9.29 /100.00	2,497,720	1,19,000

कुल अपार्टमेंट 716

भुगतान योजना

क.सं.	विवरण	किस्त
1.	आवेदन के समय	कुल बिकी मूल्य का 5 प्रतिशत
2.	आवटंन के 15 दिनों के भीतर	कुल बिकी मूल्य का 20 प्रतिशत
3.	आवंटन की प्रथम तारीख* से 6 महीने के भीतर	कुल बिकी मूल्य का 12.5 प्रतिशत
4.	आवंटन की प्रथम तारीख* से 12 महीने के भीतर	कुल बिकी मूल्य का 12.5 प्रतिशत
5.	आवंटन की प्रथम तारीख* से 18 महीने के भीतर	कुल बिकी मूल्य का 12.5 प्रतिशत
6.	आवंटन की प्रथम तारीख* से 24 महीने के भीतर	कुल बिकी मूल्य का 12.5 प्रतिशत
7.	आवंटन की प्रथम तारीख* से 30 महीने के भीतर	कुल बिकी मूल्य का 12.5 प्रतिशत
8.	आवंटन की प्रथम तारीख* से 36 महीने के भीतर	कुल बिकी मूल्य का 12.5 प्रतिशत

*नोट: आंवटन की प्रथम तारीख 24.02.2020 थीं

6. पार्किंग : प्रत्येक अपार्टमेंट के साथ एक 2-व्हीलर पार्किंग
7. टेंटेटिव विनिर्देशों : ड्राइंग रूम/लॉबी फ्लोरिंग: टाइलें/आईपीएस | ड्राइंग रूम/लॉबी दीवार की छत की फिनिशिंग: ओबीडी/कलर वाश | बेडरूम फ्लोरिंग: टाइलें/आईपीएस बेडरूम की दीवार की छत फिनिश: ओबीडी/ कलर वाश | शोचालय की दीवारें फिनिश: बैलेंस एरिया में 4 फीट तथा ओबीडी/कलर वॉश तक | टाइलें शोचालय फर्श: टाइलें/आईपीएस | किचन फ्लोरिंग: टाइल्स/आईपीएस | रसोई की दीवार फिनिश: पत्थर/ टाइल काउंटर से ऊपर 2 फीट तक टाइलें/ काउंटर तथा शेष क्षेत्र में ओबीडी/कलर वॉश | फिक्स्चर तथा फिटिंग: एकल कटोरा स्टील सिंक एवं सीपी/पीवीसी/पीटीएमटी फिटिंग | बालकनी फर्श: टाइले/आईपीएस | विंडो: एमएस जेड-सेक्शन एवं ग्लास/अलु स्टील एवं ग्लास | चौखाट/ दरवाजे: फ्लश डोर/स्किन डोर/फाइबर डोर के साथ एमएस/फाइबर डोर फ्रेम | सामान्य क्षेत्र फर्श: पत्थर/टाइल /आईपीएस | लिफ्ट लॉबी: पत्थर/ टाइलें/आईपीएस | चाइनावेयर: मानक फिटिंग | इलेक्ट्रिकल: तारों, स्विच एवं सर्किट हेतु आईएसआई चिह्नित उत्पाद | सुरक्षा: गेटेड परिसर
8. आवेदन की समय सीमा: बुकिंग आरम्भ दिनांक 22.07.2020 | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 05.08.2020 | आवेदन फॉर्म हमारे कॉर्पोरेट कार्यालय: सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, 218-224, सनसिटी बिज़नेस टॉवर, दूसरी मंजिल, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 54, गुरुग्राम 122002, हरियाणा से प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है तथा पालिसी दिनांक 18.02.2020 के अनुसार आवेदन फॉर्म सीनियर टाउन प्लानर गुरुग्राम सर्कल ऑफिस / तीसरी मंजिल हुडा ऑफिस काम्प्लेक्स सेक्टर14 गुरुग्राम से भी प्राप्त किये जा सकते है | अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 7061700000

पात्रता
क. आवेदक को किसी भी प्रचलित कानून के अन्तर्गत वैध रुप से बाध्यकारी अनुबंध में प्रवेश करने से मना नहीं किया गया होना चाहिए।
ख. कोई भी वयक्ति आवेदन कर सकता है यद्यपि 'प्रधानमंत्री अवास योजना-सबके लिए घर' के अन्तर्गत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा चिन्हित पीएमएवाई लाभार्थी, जिसमें पति/पत्नी या आश्रित बच्चे शामिल हैं, को आवंटन में वरीयता दी जायेगी। पहली प्राथमिकता उक्त शहर के चिन्हित लाभार्थियों का दी जायेगी, उसके बाद हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थी को वरीयता दी जायेगी। उसके बाद शेष फ्लैटों के लिए ऐसे वयक्ति जिसनें पति-पत्नी या आश्रित बच्चों सहित हुडा द्वारा विकसित की गई कॉलोनी/सेक्टर में या हरियाणा, संघशासित प्रदेश चंडीगढ और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के किसी शहरी क्षेत्र में किसी लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी में जिनका कोई फ्लैट/ प्लॉट नहीं है, उसे फ्लैट के आवंटन में वरीयता दी जाएगी।
ग. कोई भी आवेदक केवल एक आवेदन कर सकता है। इस नीती के अन्तर्गत सफल आवेदक किसी अन्य कॉलोनी में किसी अन्य फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा। यदि वह एक से अधिक कॉलोनी में सफल हो जाता/जाती है, तो उसके पास केवल एक ही फ्लैट रखने का विकल्प होगा।

आवंटन मानदण्ड:
क. अपार्टमेंट का आंवटन उपायुक्त या उसके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा लोक सेवा के संवर्ग का), वरिष्ठ नगर नियोजक (सर्किल ऑफिस) व संबंधित जिले का डीटीपी और संबद्ध कॉलोनाइजर के प्रतिनिधि वाली एक समिती की उपस्थिति में लॉटरी ड्रा के माध्यम से किया जाएगा।
ख. लॉटरी ड्रा की तिथि निश्चित होने के बाद डेवेलपर द्वारा आवेदकों को लॉटरी ड्रा के दिनांक/ समय और स्थान से संबंधित विवरणों के बारे में सूचित करने के लिए उसी अखबार में एक विज्ञापन जारी किया जाएगा, जिसमें मूल विज्ञापन जारी किया गया था।
ग. निरीक्षण व आवंटन के लिए अपनाए गए विस्तृत मानदण्डों तथा समय सीमा के लिए आवेदक सं. पीएफ-27/48921 दिनांक द्वारा अधिसूचित अफोर्डेबल हाउसिंग नीति 2013 भी देख सकते हैं (विवरण विभाग की वेबसाइट, अर्थात tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध)

☎ 706170-0000 INFO@SUNCITYPROJECTS.COM SUNCITYAVENUE76.COM

अग्रणी बैंको द्वारा गृह ऋण उपलब्ध
कारपोरेट कार्यालय-सनसिटी बिजनेस टॉवर, 218-224, दूसरी मंजिल, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर-54 गुरुग्राम-122002, हरियाणा, फोन: 0124-4691000 फैक्स: 0124-46200010 पंजीकृत कार्यालय: एलजीएफ-10, वसंत स्कायर, प्लॉट-ए, सेक्टर-बी, पॉकेट-वी, कमयुनिटी सेंटर, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070 (भारत) CIN: U45201DL1996PTC083915

अस्वीकरण: प्रोत्साहक हर आवेदक से अनुरोध करता है कि वह परियोजना सील का निरीक्षण करे और किसी वास्तुशिल्प प्रभाव, योजाना या बिकी विवरणिका से केवल उस पर निर्भर न रहें या प्रभावित न हों, इसलिए आवंटन के लिए आवेदन प्रस्तुत करने से पहले व्यक्तिगत निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है। यहां दिखाई गई छवियां डिजाइन के संकेत मात्र हैं और केवल उदाहरण के लिए दर्शाए गए हैं। इसके अलावा, वास्तविक आरेख भिन्न हो सकते हैं एवं ऊपर प्रदर्शित एक से समाप्त हो सकता है। परियोजना विवरण/विनिर्देशों का हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण की वेबसाइट http://haryanarera.gov.in/ के कार्यालय में भी देखा जा सकता है, यात्रा समय दिखाया गया है, यदि कोई हो, तो गूगल मानचित्र पर आधारित है जो प्रासंगिक बिंदु पर यातायात के अनुसार भिन्न हो सकता है। *ऊपर उल्लेखित दर में जीएसटी और अन्य वैधानिक शुल्क शामिल नहीं हैं, यदि लागू हों। नियम व शर्तें: 1 वर्गमीटर 10.7639 वर्ग फुट, **ग्राहक की प्रोफाइल की पात्रता और ऋण राशि के अनुसार अनुदान प्रदान करता है। यह अनुदान की अधिकतम राशि है जो एक ग्राहक प्राप्त कर सकता है और वही अनुदान लाभ उठाने के लिए ऋण राशि के साथ भी जाता है। कृप्या ध्यान दें के ऋण को 12 लाख से अधिक स्वीकृत किया जा सकता है लेकिन 12 लाख ऋण राशि तक ही अनुदान का लाभ उठाया जा सकता है।